**सुविचार**

**अगर कोई आपकी कीमत न समझे तो निराश मत होना, क्योंकि कबाड़ के व्यापारी को हीरे की परख नहीं होती।**

# अंतर्कथा

खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...



अंतर्कथा | वर्ष 26, अंक 33 | Web :- www.antarkatha.com | Youtube:- antarkatha news | शुक्रवार 3 मई 2024 | पेज- 1

## संक्षिप्त खबर

### मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का किया रुख

नई दिल्ली : दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है. अब इस मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी. दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने 30 अप्रैल को मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका दूसरी बार खारिज की थी. मनीष सिसोदिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में CBI और प्रवर्तन निदेशालय दोनों ही मामलों में जमानत याचिका दाखिल की है. तत्काल सुनवाई के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख किया गया. अदालत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई. पीठ ने कहा, "न्यायाधीश को फ़ाइल देखने दीजिए, इसे कल आने दें." सिसोदिया का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील रजत भारद्वाज और मोहम्मद इरशाद ने कहा कि याचिकाकर्ता एक विधायक है.

### चिरकुंडा स्थित बोरा गोदाम में आग लगने से बोरा जलकर राख

धनबाद : चिरकुंडा थाना क्षेत्र के ऊपर बाजार स्थित तरुण दत्ता व गौतम दत्ता के आवास के बगल में.स्थित बोरा गोदाम में बुधवार को आग लग जाने से क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया ।वही मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया ।हालांकि आग से किसी तरह की हताहत होनी की कोई खबर नहीं है। वही आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार तरुण दत्ता व उसका भाई गौतम दत्ता दोनों खाली प्लास्टिक के बोरे का कारोबार करते है। जिस कारण पूरे घर में बोरे की ढेर लगी हुई है।

### बाइक के चपेट में आने से एक गाय की मौत,

#### घटना झरिया के राजग्राउंड के पास घटी

झरिया(धनबाद) : झरिया थाना अंतर्गत राज ग्राउंड के पास तेज़ राफ्तार से आ रही एक बाइक सबार ने एक गाय को टककर मार दी।जिसके करण गाय को गंभीर छोट आयी और उसकी मौत घटना स्थल पर हो गयी। घटना रात्रि 10.30 की है।इस दुर्घटना में बाइक चालक को भी चोट लगी लेकिन वह घटना स्थल से भागने में सफल रहा। गाय के मालिक का नाम संतोष कुमार यादव बताया जा रहा है।

### केंदुआ : देशी कट्टा और गोली के साथ एक युवक गिरफ्तार,डीएसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

केन्दुआ/धनबाद : एस एस पी एच पी जनार्दनन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर केन्दुआडीह पुलिस ने गोधर मोड़ से एक बाइक सवार युवक के पास से कारबाइन नुमा देशी कट्टा एंव एक गोली बरामद किया है

# पीएम नरेंद्र मोदी का रोड शो रांची में, तैयारी पूरी

अंतर्कथा प्रतिनिधि



रांची : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आयेंगे। रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक बैरिकेडिंग की जा रही है। 3 मई को राजधानी रांची में रोड शो करते नजर आ सकते हैं, वहीं उसी रोज चाईबासा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। राजभवन में उनका रात्रि विश्राम होगा। राजभवन जाने के क्रम में रांची में रास्ते में रोड शो करते जायेंगे। 4 मई को पलामू और लोहरदगा में वे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। PM नरेंद्र मोदी के झारखंड आगमन को लेकर यहां सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। PM मोदी का यहां जोरदार स्वागत करने की तैयारी की जा रही है। चुनावी जनसभा की तैयारी के लिए झारखंड बीजेपी ने प्रदेश स्तर के नेताओं की टीम तैयार की है। चाईबासा में दोपहर तीन बजे पीएम का कार्यक्रम निर्धारित है। शाम 6 बजे तक रांची लौटेंगे। भाजपा के दिग्गज नेता प्रदीप सिन्हा ने मीडिया को बताया कि राजभवन पहुंचने के बाद PM मोदी से भाजपा के कई बड़े नेता मिलेंगे। झारखंड के 14 लोकसभा सीटें पर चार चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण में 13 मई को लोहरदगा, पलामू, खूंटी और सिंहभूम में चुनाव होगा।

## धनबाद लोकसभा सीट से अनुपमा सिंह ने दाखिल किया नामांकन



अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया. उनके साथ बेरमो विधायक और उनके पति अनूप सिंह, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह सहित पार्टी के कई सदस्य मौजूद रहे. नामांकन के बाद उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया. अनुपमा सिंह ने कहा कि धनबाद की दशा और दिशा दोनों को वें सवांरने का काम करेंगी। श्रीमती सिंह ने कहा जब भाजपा को जनता नकारने लगी तो धर्म, जाति और अब बाहरी भीतरी का नारा देकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश हो रही है। उनका और उनके पति का जन्म इसी संसदीय क्षेत्र के बोकारो में हुआ है। हजारीबाग लोकसभा सीट से जेपी भाई पटेल ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, राजद नेता और मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो समेत कई नेता उपस्थित रहें. हजारीबाग के जिला स्कूल मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया.

## सीबीआई ने ईसीएल अभिकर्ता आरपी पांडेय को रंगे हाथ घूस लेते दबोचा




अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : सीबीआई की धनबाद टीम ने सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता आरपी पांडेय को रंगे हाथ घूस लेते गिरफ्तार किया है. सीबीआई ने आरपी पांडेय की गिरफ्तारी बुधवार की शाम करीब 6:30 बजे इसीएल कुमारधुबी कोलियरी की भाग्यलखी खदान के पास से की है. गिरफ्तारी के बाद सीबीआई की टीम ने उससे पूछताछ की और फिर उसे अपने साथ ले गयी. सीबीआई की टीम उनके आवास से कुछ आवश्यक कागजात भी साथ लेकर गयी है. जानकारी के अनुसार, मुगमा एरिया क्षेत्र के एक यूनियन ने भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत की थी. साथ ही निरसा निवासी एक इसीएल मजदूर द्वारा भी सीबीआई से शिकायत करने की बात सामने आ रही है. हालांकि इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पायी है.

### समर स्पेशल गाड़ियों के परिचालन में दो महत्वपूर्ण गाड़ियों का परिचालन झाझा रेलवे स्टेशन से होकर

अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा कई जोड़ी स्पेशल गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पांच जोड़ी चलाई जा रही समर स्पेशल गाड़ियों के परिचालन में दो महत्वपूर्ण गाड़ियों का परिचालन झाझा रेलवे स्टेशन होकर भी किया गया है। जानकारी देते हुए रेलवे हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 06091-92 कोच्चुवेली बरौनी कोच्चुवेली समर स्पेशल चलाई गई है। गाड़ी संख्या 06091 कोच्चुवेली- बरौनी समर स्पेशल कोच्चुवेली से 4 मई से 29 जून तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को 8 बजे खुलकर सोमवार को 14:30 बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 06092 बरौनी कोच्चुवेली समर स्पेशल बरौनी से 7 मई को खुलकर 2 जूलाई तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 23:30 बजे खुलकर शुक्रवार को 13:30 बजे कोच्चुवेली पहुंचेगी।

## पुलिस को चकमा देकर जनसभा से फरार हुए जयराम महतो

अंतर्कथा प्रतिनिधि



बोकारो । जयराम महतो कहां हैं, इसके बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल रही है. अब पुलिस भी जयराम महतो की गिरफ्तारी के लिए एक्शन मोड में आ गई है. बोकारो में रात भर अभियान चलाकर उनके 6 समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया. गिरिडीह लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने वाले युवा नेता जयराम महतो पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है. उनके 6 समर्थकों को भी बोकारो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इन सभी लोगों पर जयराम महतो को पुलिस की हाजत से भगाने का आरोप लगाया गया है. जयराम महतो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पूरी तरह से एक्शन में है. लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है. जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए रांची से नगरी थाना के इंस्पेक्टर और डीएसपी बोकारो पहुंचे थे.
जयराम ने उनसे कहा कि नामांकन दाखिल करने के बाद वह चास में एक जनसभा को संबोधित करेंगे.

# मजदूर भाईयो के हक का दिन है और इसी दिन मजदूर भाईयो को 12 घंटे के बजाए 8 घंटे काम करने की स्वतंत्रता मिली : रागिनी





अंतर्कथा प्रतिनिधि

झरिया।मजदूर दिवस के अवसर पर झरिया बिहार बिल्डिंग कार्यालय में मजदूर मसीहा स्वर्गीय सूर्य देव सिंह जी की पौत्री एवं पूर्व विधायक संजीव सिंह की ज्येष्ठ सुपुत्री शताक्षी सिंह का जन्मदिन मनाया गया जहा सैकड़ों की संख्या में मजदूर भाईयो ने केक काटकर उन्हे अपनी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया वही इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह ने सभी मजदूर भाईयो को आंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया एवं उन्हे मजदूर दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी वही इस मौके पर बस्तकोला क्षेत्रिय सचिव (असंगठित) उपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों मजदूर भाई बहनों ने श्रीमती रागिनी सिंह में आस्था व्यक्त कर जनता श्रमिक संघ की सदस्यता ग्रहण की वही श्रीमती सिंह ने सभी मजदूर भाईयो को अंगवस्त्र भेंट कर संगठन में स्वागत किया वही शामिल होने वाले मजदूरों में मुख्य रूप से बासुदेव हरिजन रंजीत चौहान जितेंद्र चौहान विक्की निषाद सिकंदर रजक राजेंद्र परमार ब्रह्मदेव यादव आकाश बाउरी मुश्ताक आलम मुन्ना गौर मदन बाउरी गोपाल बाउरी महेश भुइया आदि मजदूर भाई मौजूद रहे वही मौके पर मजदूर भाईयो को संबोधित करते हुए श्रीमती रागिनी सिंह ने कहा कि आज मजदूर भाईयो के हक का दिन है और इसी दिन मजदूर भाईयो को 12 घंटे के बजाए 8 घंटे काम करने की स्वतंत्रता मिली।लेकिन आज भी मजदूर भाईयो से मई दिवस पर छुट्टी होने के बाद भी काम कराया जा रहा है वही प्रबंधन द्वारा उनका शोषण कर 8 घंटे की बजाए 12 घंटे काम कराया जा रहा है जो कि अनैतिक है और जनता श्रमिक संघ इसका घोर विरोध करती है साथ ही जल्द ही इन सभी मुद्दों को लेकर जनता श्रमिक संघ मजदूर भाईयो के हक की लड़ाई को लेकर प्रबंधन को घेरने का काम करेगी साथ ही मजदूर भाईयो को हक दिलाने का प्रयास करेगी इस दौरान मुख्य रूप से संतोष सिंह झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव अखिलेश सिंह शैलेश सिंह चंद्रवंशी दिलीप भारती स्वरूप भट्टाचार्य सेलो पासवान महंत पांडेय अमर सिंह राज किशोर जैना अभिषेक पाण्डेय संतोष शर्मा राजा राम पासवान आदि मौजूद रहे।

## जान जोखिम में डालकर ट्रेनों के डब्बे में भरते हैं पानी ढाई सौ रुपये की हाजरी में 12 घन्टा का काम




अंतर्कथा प्रतिनिधि

गोमो:-- रेलवे में बहाली थम सी गयी है । कर्मचारी रिटायर्ड होते हैं परंतु उनके स्थान पर नई बहाली नहीं होती। रेलवे की लगभग सभी विभागो में ठीकेदारी प्रथा कायम है। बडे पैमाने पर निविदा पर ठेका मजदूर मामूली रकम पर कार्य रहे हैं । कैरिज एण्ड वेगन विभाग की देख रेख में संवेदक की मजदूरी पर ट्रेनो में पानी भरने का काम लिया जा रहा है । जो शोषण के शिकार हो रहे हैं। धनबाद रेल मंडल के गोमो स्टेशन में कार्यरत मजदूरो ने बताया कि ट्रेनो में पानी भरने का काम जोखिम भरा है ।जरा सी चूक पर मौत है इसके बावजूद भी हम मजदूरों से 12 घन्टा काम का लिया जा रहा है और इसके एवज में मात्र 250 रुपिया प्रति दिन की हाजरी जोड़ कर राशि दी जा रही है । जिसमे मात्र कुल 18 मजदूर है। ट्रेनो की हर बोगी में पानी भरने का काम करना पड़ता है जो कभी काल सम्भव नहीं होता । पूर्व निविदा में प्रतिदिन 400 रुपिया मिलता था। और 35 मजदूर कार्य करता था । वरीय अनुभाग अभियंता (समाडि) के प्रभारी राम नारायण ने बताया कि वर्ष 2019 की निविदा की राशि अधिक थी और समय अवधी तीन साल था । वर्ष 2022 में लोवर रेट पर निविदा सवेदक को मिला है। बोगी में पानी भरा या नहीं यह देखना विभाग का काम है ।मजदूरो से कार्य लेना ठीकेदार का काम हैं। । मजदूरी कम है तो काम छोड देना चाहिए । उन्होंने ने भाउचर बिल संबंध में पुछे जाने पर फ़ाईल देखने की बात कह टाल दिए । मजदूरों की राशि की भुकतान कार्यालय से ही स्वीकृत पर होता है ।

## दिवंगत पार्षद सावित्री देवी की तृतीय पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। करकेंद पुल स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण में बुधवार को श्रधांजलि सभा आयोजत कर वार्ड 09 की दिवंगत पार्षद सह भाजपा नेत्री सावित्री देवी की तृतीय पुण्यतिथि मनाया गया। सर्वप्रथम उनके पुत्र सुभाष पासवान एवं सूरज (जोगी ) पासवान, पुत्रवधू बबिता पासवान एवं कुमारी पूजा के अलावे पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष बबलू सिंह, पूर्व पार्षद देवाशीष पासवान अकेला व अन्य ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दी।उपस्थित विभिन्न गणमान्य लोगों ने उनके मृदुभाषी स्वभाव ,अदम्य साहस एवं समाजसेवी तथा गरीबों के प्रति अटूट जुनून को याद करते हुए उन्हें जुझारू महिला समाजसेवी बताया एवं उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प व्यक्त किया।मौके पर नंदू सेनगुप्ता, महावीर पासी, दीपक सिंह चौधरी, अनिल शर्मा, भोला शर्मा,राजेश भारती, शिवनंदन पासवान, संजय पासी, अजय पासवान, सरोज कुमार, रवि यादव, रंजीत पासवान, सोनम कुमारी, संतोष कुमार व अन्य शामिल थे।

## 3 उम्मीदवारों ने किया लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के समक्ष आज 3 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। आज निर्दलीय उम्मीदवार श्री जनक शाह, श्री उमेश पासवान तथा अखिल भारत हिन्दू महासभा के श्री संजय कुमार गिरी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

## 3 ने खरीदा नोमिनेशम फॉर्म

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : लोकसभा चुनाव के लिए आज 3 लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म खरीदा। अपर नगर आयुक्त श्री प्रकाश कुमार ने बताया कि आज सामान्य वर्ग में 25 - 25 हजार रुपए का भुगतान करके 3 लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म खरीदा है। नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक श्री रमेश कुमार तिवारी, श्री शंभु मानतो, श्री नंदलाल चौहान मौजूद थे।

## 5 मई को थम जाएगा आगरा में तीसरे चरण का चुनावी शोर

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : तीसरे चरण में आगरा और फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट पर मतदान होना है. यानी कि 7 मई को आगरा और फतेहपुर सीकरी के मतदाता सरकार और अपने सांसद के चुनाव के लिए मतदान करेंगे. तीसरे चरण को लेकर चुनाव प्रचार में चंद रोज बाकी हैं. प्रचार अब अंतिम दौर में पहुंचता जा रहा है, क्योंकि तीसरे चरण के मतदान को लेकर 5 मई को शाम 6:00 बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा. तो अब कुछ दिन ही चुनाव प्रचार के लिए बाकी रह गए हैं और राजनीतिक दल और सभी प्रत्याशी अब कोई भी कोर कसर छोड़ने को तैयार नहीं है.

## डीसीएलआर ने किया पूर्वी टुंडी का भ्रमण

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : सहायक निर्वाची पदाधिकारी 42 टुंडी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता (डीसीएलआर) श्री संतोष गुप्ता ने आज पूर्वी टुंडी क्षेत्र का भ्रमण सह निरीक्षण किया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदान केंद्र, महिला मतदान केंद्र, इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लीप वितरण, बूथ पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, क्रिटिकल बूथ सहित अन्य की तैयारी के संबंध में पूर्वी टुंडी क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान कई बूथों का भ्रमण तथा इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। साथ ही प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड के अन्य पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## आउटसोर्सिंग कंपनी ने 'नो वर्क नो पे' का जारी किया नोटिस

अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। बीसीसीएल पीबी एरिया द्वारा डंपिंग के लिए प्रयाप्त जगह उपलब्ध नहीं कराने पाने के कारण एसटीजी एसोसिएट आउटसोर्सिंग कंपनी ने ' नो वर्क नो पे ' का नोटिस जारी किया है। एसटीजी एसोसिएट प्रबंधन ने जारी नोटिस में कहा है कि कंपनी के पास डंपिंग के लिए प्रयाप्त जगह नहीं होने के कारण कंपनी को विषम परिस्थितियों से गुजरना पड़ रहा है। बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा बार बार आश्वासन देने के बाद भी डंपिंग की समस्या का समाधान नहीं निकल पा रहा है। इसलिए कंपनी प्रबंधन के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि दिनाक 2 मई से नो वर्क नो पे डंपिंग के लिए जगह ना मिलने तक लागू रहेगा। यह जानकारी एसटीजी एसोसिएट आउटसोर्सिंग कंपनी के मैनेजर हरिहर चौहान ने दी।

## धनबाद में फायरिंग: मछली कारोबारी को मारी गोली, जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती

**धनबाद में अपराधियों ने मछली कारोबारी को गोली मारकर जख्मी पर दिया**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद: धनबाद में फायरिंग हुई है. गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर अपराधियों ने मछली कारोबारी को गोली मार दी. जख्मी हालत में कारोबारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

धनबादः जिला में एक बार फिर से गोलीबारी की घटना घटी है. गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर गोविंदपुर मोड़ के पास बाइक सवार अपराधियों द्वारा फायरिंग की गई है. मछली का कारोबारी वाले मनोज यादव को गोली लगी है. मनोज यादव की कमर में गोली लगी है. इस घटना के बाद जख्मी अवस्था में मनोज यादव को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. मनोज धनबाद के चिरकुंडा के रहने वाले हैं. मछली कारोबारी मनोज यादव ने बताया कि वो पिकअप वैन के जरिए मछली की ट्रांसपोर्टिंग का कारोबार करता है. उनके साथ एक अन्य साथी भी पिकअप वैन में मौजूद रहते हैं. हर दिन पश्चिम बंगाल से बिहार पिकअप वैन के जरिए मछली ले जाते हैं. गुरुवार को भी पिकअप वैन से वे दोनों मछली ले जा रहे थे. उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मछली लोड पिकअप वैन में जहर डाल दिया जा रहा था. वैन के ऊपर जाली लगा है उसी के ऊपर से ही मछली में जहर डाला दिया जाता है. मनोज यादव ने बताया कि गुरुवार को भी मछली के पिकअप वैन में गोविंदपुर में बाइक सवार दो लोगों के द्वारा जहर डालने की कोशिश की जा रही थी.

## रवि सिंह के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न

अंतर्कथा प्रतिनिधि

झरिया।गुरुवार को झरिया विधान-सभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष रवि सिंह के नेतृत्व में भागा रेलवे स्टेशन में बैठक रखी गई जिस में राष्ट्रीय महासचिव राजेश सिन्हा जी ने अनुपम सिंह जी की जीत को लेकर रणनीति बनाई ।और डोर टू डोर कैंपेन चलाया गया और राजेश सिन्हा जी यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी को हर एक गली हर एक मोहल्ला हर एक एक घर न्याय योजना पहुंचने का कम करें बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव सह बिहार यूथ कांग्रेस प्रभारी राजेश सिन्हा झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार रवि जी धनबाद जिला यूथ कांग्रेस महासचिव कमल शर्मा झरिया विधानसभा अध्यक्ष रवि सिंह झरिया विधानसभा उपाध्यक्ष हेमंत कुमार महासचिव मिजान प्रिंस चौहान प्रेम कुमार सनी पांडे शिशान खान हसनैन क्वाद्री फरजान खान राहुल चौहान संदीप कुमार हेमंत सिंह दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दो लडको से प्यार करना पड़ा महंगा दोनो ने मिलकर किया लड़की की हत्या

अंतर्कथा प्रतिनिधि

गया -: गया में 26 अप्रैल की सुबह जब एक नाबालिग लड़की की सिर कटी लाश रेलवे ट्रैक पर बरामद हुई थी तो हंगामा मच गया और चर्चाएं शुरू हो गई। समय गुजरते के साथ पुलिस ने मामले का खुलासा कर बताया कि प्यार के चक्कर में नाबालिग की जान गई है। ट्रेन से कट कर मौत होने की कहानी गलत थी। मामले का खुलासा पकड़े गए आशिक के मिले मोबाइल के सीम कार्ड से हुई। मामला एक लड़के का छोड़ दो लडको का था दोनो से लड़की प्यार करती थी जिसका जिक्र पकड़े गए दोनो आशिक ने किया। पुलिस ने इस मामले में युवकों को गिरफ्तार कर सारी जानकारी ली। पिछले दिनों लड़की का शव गया के फतेहपुर थाना क्षेत्र के मिश्रीचक



के सामने रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया था और बीती 25 अप्रैल की रात दोनो आशिको ने गला दबाकर उसकी हत्या की थी। हत्या के बाद शक ना हो इसको लेकर रेलवे ट्रैक पर शव को लाकर रख दिया गया था। जबकि हत्या की मुख्य वजह नाबालिग का गर्भवती होना था जिसको लेकर शादी का दबाव बनाया जा रहा था और दोनों युवकों ने मिल कर उसी रात उसकी हत्या कर दी। मिली जानकारी में नाबालिग टनकुप्पा प्रखण्ड के महाबिगहा की रहने वाली थी और गांव के ही दो युवकों से लड़की का प्रेम-प्रसंग चल रहा था। हालाकि डेढ़ किलोमीटर दूर रेलवे ट्रैक पर शव को ले जाकर रखकर दोनों लड़के रात में अपने अपने घर वापस चले आए सुबह यह भी देखने पहुंचे की मृतका का क्या हुआ जब दोनो ने लड़की की सर धड़ से अलग पाया तो दोनो लड़के संतुष्ट होकर पुनः सुबह अपने घर वापस चले गए। दोनो ने चैन की सांस ली और मामला को खत्म समझ अपने कामों में मशगूल हो गए। लेकिन लड़की के पास से बरामद मोबाइल जिसमे लड़के के नाम से सिम कार्ड था उसने पूरी पोल खोल दी। फतेहपुर पुलिस ने उसी के आधार पर जांच पड़ताल कर आरोपी को हिरासत मे लेकर पूछ ताछ किया जहां दोनो लडके ने अपना जुर्म कबूल लिया।

## आरपीएफ इंस्पेक्टर निधि दीक्षित की दूसरे स्थान पर हुई पोस्टिंग,लोगों ने दी विदाई



अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: दो साल तक झाझा आरपीएफ पोस्ट पर कार्य कर चुकी आरपीएफ इंस्पेक्टर निधि दीक्षित का स्थानतरंण सोनपुर हो जाने पर आरपीएफ के पदाधिकारी एवं जवानों ने आरपीएफ पोस्ट पर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता किऊल आरपीएफ इंस्पेक्टर अरबिंद कुमार ने किया। मौके पर उपस्थित सब इंस्पेक्टर सर्वेश राय, राजेश कुमार, वरूण कुमार परमार्थी, रेलथानाध्यक्ष बृंद कुमार एवं अन्य आरपीएफ के पदाधिकारी एवं जवान सहित अन्य लोगों ने इंस्पेक्टर निधि दीक्षित को उपहार देकर विदाई दिया। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर अरबिंद कुमार ने कहा कि दो साल के कार्यकाल में उन्होंने झाझा में अपने कार्यो को पूरी ईमानदारी पूर्वक निभाया। रेलवे सुरक्षा से जुड़ी जो भी कार्य होते है उन्हे बखूबी निभाते हुए अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा शांति व्यवस्था बनाए रखा। इंस्पेक्टर निधि दीक्षित ने कहा कि आरपीएफ पोस्ट झाझा के सभी पदाधिकारी एवं आरक्षी ने किसी भी कार्य करने में मेरी काफी मदद की जिसके बदौलत रेलवे सुरक्षा से जुड़ी हर कार्यो को पूरा किया गया।

## रेलपुलिस के द्वारा चलाए जा रहे सर्च अभियान में भारी मात्रा में देशी शराब बरामद स्टेशन पर खड़ी जसीडीह पटना मेमू गाड़ी से




अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: रेलमार्ग के रास्तें होने वाली शराब तस्करी की रोकथाम को लेकर रेलपुलिस के द्वारा चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान रेलपुलिस झाझा रेलवे स्टेशन पर खड़ी जसीडीह पटना मेमू गाड़ी से भारी मात्रा में देशी शराब बरामद की है। जानकारी देते हुए रेलथानाध्यक्ष बृंद कुमार ने बताया कि उक्त गाड़ी के प्लेटफार्म संख्या तीन पर लगते ही सर्च अभियान चलाया गया तो इंजन से पीछे दूसरा बोगी से दो झोला लावारिस स्थिति में सीट के नीचे छिपाकर कर रखा हुआ था जिसको सर्च करने पर उससे भारी मात्रा में देशी शराब बरामद हुआ। रेलथानाध्यक्ष ने बताया कि दोनो झोला से 180 एमएल के कुल 231 बोतल झारखंड निर्मित देशी शराब जप्त हुआ है। इस मामलें में अज्ञात शराब तस्कर के खिलाफ रेलथाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## शीतल पेयजल कूलर से ठंडे पानी का आनंद लेंगे अस्पताल में आए लोग, उदघाटन किया वार्ड पार्षद संग अन्य लोग



अंतर्कथा प्रतिनिधि

झाझा झाझा- भीषण गर्मी में रेफरल अस्पताल झाझा में मरीजों, अन्य लोगों को पेयजल की हो रही संकट को देखते हुए समाजसेवी अशोक रावत ने अपनी पत्नी स्व. ललिता देवी की याद में शीतल पेयजल कुलर मुहैया करवाया जिसका उदघाटन नप के वार्ड संख्या 14 के वार्ड सदस्य मीरा सिन्हा, समाजसेवी अशोक रावत, पूर्व नप चैयरमेन संजय सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर वार्ड पार्षद ने कहा कि इस भीषण गर्मी में हर जगहों से पेयजल की संकट गहराने से लोग त्राहिमाम हो रहे है। पशु-पक्षियों के साथ मानव जीवन भी पेयजल संकट से घिर रहा है। अस्पताल में प्रत्येक दिन कई मरीज और उसके परिजन आते है लेकिन पानी की संकट के कारण उनलोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ता है। इसके अलावे राहगीरों को भी पानी की समस्या होती है। ऐसे में समाजसेवी ने यह अनमोल तोहफा लोगों के लिए उपलब्ध करवाया जो काफी सराहनीय कार्य है। समाजसेवी ने कहा कि लोगों की सेवा करना ही इंसान का परम धर्म है और उसी धर्म का पालन किया हूं। मौके पर दिलीप रावत, बबलू सिन्हा, विजय कुमार, रविंद्र कुमार, कार्तिक रावत, सुदय मंडल सहित कई लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने अलग-अलग जगहों से तीन NBW वारंटी को किया गिरफ्तार




अंतर्कथा प्रतिनिधि

लखीसराय -: आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार के निर्देश पर बुधवार की रात्री में चानन थानाध्यक्ष रविन्द्र पासवान ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में अपराधी, फरार वारंटी एवं शराब कारोबारियों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान पुलिस ने अलग-अलग गांव से तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया। इसको लेकर थानाध्यक्ष रविन्द्र पासवान ने बताया कि एनबीडब्ल्यू वारंटी प्रकाश साव पेसर इनो साव साकिन गोपालपुर,अजीत यादव पेसर बाबूलाल यादव साकिन मलिया एवं डोढो मांझी पेसर दीना मांझी साकिन भंडार को गिरफ्तार कर गुरुवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## प्रथम संस्थान और यूनिसेफ के तत्वाधान में किशोरी सह किशोर समूह के बच्चों द्वारा बाल मजदूर रोकथाम हेतु अलग अलग पेंटिग

अंतर्कथा प्रतिनिधि



जमुई झाझा-: प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जामुखरैया पंचायत में प्रथम संस्थान और यूनिसेफ के तत्वाधान में बाल मजदूरी के मुददे पर चित्रकला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कल्पना किशोरी सह किशोर समूह एवं ममता किशोरी सह किशोर समूह के बच्चों द्वारा बाल मजदूर रोकथाम हेतु अलग अल पेंटिग बनाया। पेंटिग बनाकर बच्चों ने बाल श्रम के प्रति सचेत रहने के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रथम संस्थान के प्रखंड समन्वयक रविरंजन कुमार लोगों को अपने और समाज के बच्चों का बाल मजदूरी के लिए जाने से रोकने और उसकी पढ़ाई के लिए नियमित स्कूल भेजनें में रूची दिखाए जाने के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होनें कहा कि बाल मजदूरी देश के लिए कुप्रथा है। बाल मजदूरी से राष्ट्र की दुर्दशा हो रही है। देश का भविष्य कहे जाने वाले बच्चों से मजदूरी कराना देश के लिए ठीक नही है। हमें बाल श्रम को जड़ से मिटाना होगा। देश के हर बच्चें को शिक्षा का अधिकार है इसलिए बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए पूरे समाज का दायित्व है। दशवीं कक्षा की सिम्पी कुमारी, स्वीटी कुमारी, पूजा कुमारी, सोनम कुमारी, निशु कुमारी, जयश्री कुमारी, चमेली कुमारी, अंजली कुमारी ने बच्चों को बचपन में खेलने व पढ़ने के अपने मौलिक अधिकार के प्रति समाज के लोगों को जागरूक करने वाली पेंटिग बनाई। शिक्षिका विद्या रानी ने लोगों को बाल मजदूरी को एक अभिशाप और बच्चों की शिक्षा का मौलिक अधिकार के बारे में बताया।

# गर्मी से राहत दिलाने वाली पेप्सी और आइसक्रीम बच्चो के लिए फायदेमंद या नुकसानदायक

अंतर्कथा प्रतिनिधि



साहेबगंज (अमर कुमार)-: आज हर जगह इस भरी गर्मी में आसमान से सूरज आग बरसा रहा है,आम जन जीवन आज पूरी तरह गर्मी और चिलचिलाती हुई धूप और लू से परेशान है,इंसान हो या जानवर सब इस उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए अपने अपने तरीके से जुगाड में लगे रहते हैं। जल स्रोत करीब करीब अधिकतर जगह काफी नीचे जा चुका है जिस वजह से जानवर भी पानी के लिए इधर उधर भटकते दिखते हैं,ऐसे में इंसानो के लिए इस भरी हुई और चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोगों को तरह तरह कि ठंडी चीजें आज बाजार में उपलब्ध हो गई है जिनमें लस्सी, जलजीरा, आइसक्रीम, पेप्सी, कोल्डड्रिंक्स वेगैरह। अलग अलग ब्रांड वाली कंपनियां ये सब चीजें बनाती है जो करीब करीब fssi से रजिस्टर्ड होती है और फूड रेगुलेशन के नियम को मान कर ये कंपनियां अपने हर प्रोडक्ट को बाजार में लेकर आती है,लेकिन क्या ये लोकल बाजार में बनने और लोकल बाजार में बिकनी वाली आइसक्रीम और पेप्सी बच्चो के लिए सुरक्षित है। इनका एक मानक तय होना चाहिए और इनकी गुणवत्ता कि जांच food फेडरेशन विभाग को करनी चाहिए। ये लोकल बाजार में बनने वाली पेप्सी बच्चो के सेहत के साथ बहुत ही नुकसानदेह साबित हो सकता है। लगभग एक रुपए में बन जाने वाली ये लोकल बाजार में बनने वाली पेप्सी इसे पांच रुपए में बेचती है,और करीब करीब हर गली मोहल्ले और स्कूल के पास ऐसे पेप्सी बेचने वाले नजर आ जाते है,ये लोग अपने मेहनत मजदूरी करके किसी तरह परिवार पालते हैं। लोकल मार्केट में खुद छोटे से जगह में निर्मित किया गया ये पेप्सी बिना किसी गुणवत्ता और तय नियम के अपने प्रोडक्ट को बेचकर बच्चे को नुकसान पहुंचाकर खुद ज्यादा मुनाफा कमाने का काम कर रहा है। इस पर फूड फेडरेशन विभाग उचित जांच करे ताकी छोटे छोटे बच्चे को इनके होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। मिली जानकारी के अनुसार इन लोकल मार्केट में बनने वाली पेप्सी में केमिकल युक्त रंग को अधिक मात्रा में मिलाकर स्वाद के अनुशार फ्लेवर डालकर बनाया जाता है जो बच्चो के लीवर और पाचन शक्ति को नुकसान पहुंचता है। कम कीमत में मिल जाने के कारण चाहे छोटे बच्चे हो या बड़े व्यक्ति गर्मी से राहत पाने के लिए इसे खा ही लेते हैं लेकिन इनसे होने वाले नुकसान का जिम्मेवार आखिर किसे माना जाए।

## विद्यालय में खराब पड़े चापाकल को विभागीय आदेशानुसार मरम्मती का कार्य हुआ पूरा

अंतर्कथा प्रतिनिधि



जमुई झाझा-: भीषण गर्मी के कारण नारगंजो क्षेत्र में लगातार पानी की समस्या आने की सूचना पर पीएचईडी विभाग के मिस्त्री नारगंजो क्षेत्र में पहुंचकर खराब पड़े चापाकल बनाने में जुट चुके है। इसी आलोक में पीएचईडी विभाग के मिस्त्री ने नारगंजो उ.मध्य विद्यालय में खराब पड़े चापाकल की मिली शिकायत पर उसे ठीक करवाया गया। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से स्कूल का चापाकल खराब पड़ा हुआ था जिसके कारण स्कूली बच्चों के सामने पेयजल की संकट गहरा गया और बच्चे प्यास बुझाने को लेकर काफी परेशान भी दिखाई दे रहे। बच्चे घर से पानी लाते थे परंतु इस भीषण गर्मी में बच्चों के लाए गए पानी भी उसके लिए कम पड़ जाते थे।चापाकल खराब रहने की जानकारी विभाग को दी गई जिसके बाद विभागीय आदेशानुसार चापाकल की मरम्मती का कार्य पूरा किया गया।

## विश्व मजदूर दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने झंडातोलन करके मनाया मजदूर दिवस



अंतर्कथा प्रतिनिधि

साहेबगंज (अमर कुमार)- : विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर आज साहिबगंज शहर के पुराना सदर अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा पुराना अस्पताल में झंडातोलन करते हुए मजदूर दिवस मनाया,जिसका नेतृत्व एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शशि कुमार पासवान के द्वारा किया गया।

वही शशि कुमार पासवान ने मजदूर एकता जिंदाबाद का नारा लगाते हुए सारे कर्मचारीगण को संबोधित किया और कहा कि मजदूर कि एकता ही उनकी ताकत है। शाहबाज आलम ने कहा कि मजदूर के ऊपर लगातार शोषण किया जा रहा था हमारे पूर्वजों ने मजदूरों के शोषण के लिए लड़ाई लड़ी थी जिसके कारण से एक मई को विश्व मजदूर दिवस मनाया जाता है,मजदूर इस देश के विकास के योगदान में सहायक होते है,मजदूर कि मेहनत से ही सबकुछ होता है किसी नए इमारत से लेकर ताजमहल तक बनने का श्रेय इन्ही मजदूर को जाता है। इस दौरान मौके पर सरिता कुमारी, मीणा सिंह, आशा देवी,चंदन कुमार पीयूष, विजय पासवान, रूपेश पासवान, दीपक कुमार सिंह, जफर आलम, मकसूद आलम, विनय कुमार, कलाधर मंडल, सागर कुमार, राशीद अहमद, जहांगीर दौला इमाम, इनामुल हक, रंजीत कुमार सिन्हा व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे ।

## साहेबगंज पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव और उपायुक्त हेमंत सती ने किया रक्तदान

अंतर्कथा प्रतिनिधि




साहेबगंज -: बुधवार 01 मई 2024 को मजदूर दिवस के दिन साहेबगंज जिले के उपायुक्त हेमंत सती और साहेबगंज जिला पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने रक्त दान किया और साहेबगंज जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग भी रक्त दान जरूर करे। रक्त दान महादान है इससे किसी जरूरत मंद की जान बच सकती है साथ ही इससे हमारे शरीर में नए रक्त का निर्माण और सही संचार होता है। रक्त प्रवाह ठीक रहे और लोगो की मदद भी हो इसके लिए यह जरूरी है। इससे कोई परेशानी नहीं होगी लोग इसको करने से भयभीत ना हो।

## हरना गांव के समीप ट्रेन से गिरकर बुर्जुग महिला गंभीर रूप से हुई घायल

अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: झाझा नारगंजो मुख्य रेलखंड के बीच हरना गांव के समीप ट्रेन से गिरकर एक बुर्जुग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गुरूवार की सुबह कुछ लोगों की नजर रेलवे लाइन के किनारे गंभीर अवस्था में घायल बुर्जग महिला को देखने के बाद डायल 112 की पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम उक्त महिला को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाकर भर्ती करवाया। अस्पताल में डयूटी पर तैनात डॉक्टर सदाब अहमद के द्वारा घायल बुर्जग महिला का इलाज किया गया और स्थिति गंभीर देखने के बाद डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घटना में महिला का दोनो हाथ और सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। महिला से पूछताछ किए जाने पर वह सिर्फ अपना नाम चेतिलो देवी ही बता पाई। महिला कहां की है और कहां जा रही थी इन सभी सवालों पर घायल बुर्जुग महिला बताने में असमर्थ दिखी। फिलहाल पुलिस घायल महिला के परिजनों के पता लगाने के लिए आगे की कार्रवाई में जुट चुकी है।

# मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड के महमदपुर गाँव में पानी के लिए भीषण गर्मी में तरसते लोग

अंतर्कथा प्रतिनिधि

मुंगेर -: मुंगेर जिले के तारापुर प्रखंड के महमदपुर गाँव के कुर्मी टोला में इस चिलचिलाती हुई गर्मी में पानी के लिए लोग हल्कान है। इसके बाबजूद इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं। एक तरफ जहां बिहार सरकार हर घर नल का जल योजना चला रही है और वादा कर रही है कि ये योजना धरातल पर काफी अच्छी तरीके से लागू है,वहीं उनके ही विभाग के लोग इस योजना कि पोल खोलती दिख रही है। इतनी भीषण गर्मी में बूंद बूंद पानी के लिए यहां के ग्रामीण परेशान है। सूत्रों के अनुसार मिली जानकारी से पता चलता है कि जब से ये नल जल योजना का जलमीनार लगा है तब से ग्रामीणों को आज तक



इसका फायदा नहीं मिला है। यहां तक कि नल जल योजना चालू ही नही हुआ है। गाँव में एक मात्र किसी तरह पीने लायक पानी का कुआं भी सुख गया है,ग्रामीणों को पीने के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

इस भीषण गर्मी में पानी नहीं मिला तो जरा सोचिए क्या हो सकता है। सरकार कि ये नल जल योजना क्या वाकई पूरी तरह धरातल पर उतर पाई है या नहीं इस सच्चाई ने पोल खोल दिया है।पीएचडी विभाग को इस और जल्द ही ध्यान देना चाहिए ताकी इस भीषण गर्मी में लोगों कि जिंदगी बचाने वाली पानी के लिए जद्दोजहद नही करनी पड़े।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98